प्रेषक,

सचिव,
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर (नैनीताल)।

सेवा में,

समस्त मुख्य शिक्षा अधिकारी
उत्तराखण्ड।

पत्रांकः— उ0वि0शि0प0 / सि0से0 / डा0प्रो0 / 002 - 110 / 2023–24 दिनांक 05 अप्रैल, 2023

विषयः— हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट के प्रमाण पत्र—सह—अंकपत्रों एवं अंक विवरणिकाओं में विद्यालय के नाम पोर्टल के माध्यम से शुद्ध करने विषयक।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपको अवगत कराना है कि आपके जनपद में स्थित कतिपय विद्यालयों द्वारा विद्यालय के नाम अशुद्ध मुद्रित होने के सन्दर्भ में सूचना प्राप्त हो रही है। ऐसी स्थिति में कृपया अपने स्तर से प्रधानाचार्यों को निर्देशित करने का कष्ट करें कि यदि नामावली में विद्यालय के नाम में किसी भी प्रकार की त्रुटि (हिन्दी अथवा अंग्रेजी) हो तो उसे पोर्टल के माध्यम से संशोधित करने हेतु **पोर्टल दिनांक 06 अप्रैल, 2023 से 20 अप्रैल, 2023 के मध्य खुला रहेगा। ध्यान रहे कि सम्बन्धित बाक्स में विद्यालय का नाम वह अंकित किया जाय जो कि अंक विवरणिका एवं प्रमाणपत्र—सह—अंक पत्र पर मुद्रित होना है।**

विद्यालय का नाम संशोधन हेतु निम्न प्रक्रिया अपनाई जायेगीः—

1— परिषद् की वेवसाइट www.ubse.uk.gov.in के Board Examination आइकन के लिंक http://ubse.co.in पर उपलब्ध है।
2— विद्यालय की यूजर आई0डी0 व पासवर्ड पूर्ववत् रहेगी।
3— School login यूजर आई0डी0, पासवर्ड से login करें। login करने पर विद्यालय सामान्य सूचना प्रपत्र आपको प्रदर्शित होगा।
4— विद्यालय सामान्य सूचना प्रपत्र के अन्त में पर Edit Button पर Click करेंगे।
5— उसके उपरान्त विद्यालय का नाम निर्धारित बाक्स में हिन्दी एवं अंग्रेजी में प्रदर्शित हो रहा होगा।
6— यदि विद्यालय के नाम में कोई त्रुटि न हो तो विद्यालय के हिन्दी नाम के नीचे बाक्स में ***"स्कूल हिन्दी और अंग्रेजी दोनों नाम सही हैं बदलने की जरूरत नहीं है" को क्लिक करें एवं SUBMIT करें।***

उदाहरण—

राजकीय इण्टर कालेज रामनगर नैनीताल	GOVT INTER COLLEGE RAMNAGAR NAINITAL

7—यदि विद्यालय का नाम त्रुटिपूर्ण है उसे संशोधन किया जाना हो तो पहले विद्यालय का नाम हिन्दी व अंग्रेजी में निम्न प्रकार से संशोधन करें। सर्वप्रथम विद्यालय का शुद्ध नाम अपडेट करें। तद्परान्त ***"मैंने स्कूल का नाम अपडेट कर दिया है" पर क्लिक करें और SUBMIT करें।***

उदाहरण—*विद्यालय का अशुद्ध नाम*

केवल कन्या पाठशाला इ0का0 हरिद्वार	K K P INTER COLLEGE HARIDWAR

विद्यालय का संशोधित नाम

केवल कन्या पाठशाला इ0का0 मंगलौर टाऊन हरिद्वार	K K P INTER COLLEGE MANGLAUR TOWN HARIDWAR

इसके उपरान्त भी यदि किसी विद्यालय द्वारा विद्यालय का नाम हिन्दी और अंग्रेजी में संशोधित नहीं किया जाता है तो सम्पूर्ण जिम्मेदारी सम्बन्धित प्रधानाचार्य / परीक्षा प्रभारी का रहेगा।

भवदीय
5/4/2022
(डॉ0 नीता तिवारी)
सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर (नैनीताल)।
05/4/2022

System cell ALL File 2023-24 letter Letter 2023-24 C-2

पृष्ठांकन संख्याः उ0वि0शि0प0/सिस्टम सेल/डा0प्रो0/002-110/2023-24 दिनांकः-उक्तवत्।
प्रतिलिपिः- निम्नांकित अधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1-समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी उत्तराखण्ड ।

2-समस्त प्रधानाचार्य/प्रधानाध्यापक (शासकीय/अशासकीय/मान्यता प्राप्त) द्वारा मुख्य शिक्षा अधिकारी।

(डॉ0 नीता तिवारी)
सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर (नैनीताल)।

05/4/2023

System cell/ALL File 2023-24/letter/Letter 2023-24/C-2